प्रेस नोट- थाना कोतवाली

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक- 13.05.2026

थाना कोतवाली पुलिस, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा जानलेवा हमला, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के पंजीकृत अभियोग में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार अपराध की रोकथाम एंव चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस को सफालता प्राप्त हुई।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 24.02.2026 को वादी हिमांशु तिवारी पुत्र मनोज कुमार तिवारी निवासी मोहल्ला खलील शर्की, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर पर जानलेवा हमला, मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के क्रम में उक्त प्रकरण में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त **अर्पण सिंह पुत्र लखविन्दर सिंह निवासी ग्राम पिंगरी पिंगरा निकट पिपरौली, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 19 वर्ष** को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.05.2026 को समय करीब 22:00 बजे **ग्राम दलराजपुर, थाना सिंगाही, जनपद लखीमपुर खीरी** स्थित जसपाल सिंह पुत्र सूरत सिंह के मकान के बाहर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग में प्रकाश में आये अपराध एवं सुसंगत धाराओं के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए **माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।**

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण :-

अर्पण सिंह पुत्र लखविन्दर निवासी ग्राम पिंगरी पिंगरा निकट पिपरौली थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 19 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 58/2026 अंतर्गत धारा 115(2)/118(1)/352/351(3)/109(1)/3(5) बीएनएस थाना कोतवाली शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समयः-

ग्राम दलराजपुर थाना सिंगाही जिला लखीमपुर खीरी में जसपाल सिंह पुत्र सूरत सिंह के घर के बाहर से दिनांक 12.05.2026 को समय करीब 22.00 बजे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय थाना कोतवाली शाहजहांपुर।
2. उ0नि0 श्री कुमार गौरव थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
3. उ0नि0 श्री भूपेन्द्र राणा थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
4. उ0नि0 श्री कृष्णचन्द्र तिवारी थाना सिंगाही जनपद लखीमपुर खीरी।
5. का0 2781 रोहित कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
6. का0 2127 दीपक कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।
7. का0 हरीकेश सिंह थाना सिंगाही जनपद लखीमपुर खीरी।